
# MS Paint

## पेंट ब्रश क्या है

पेंट ब्रश एक ग्राफ़िक्स एडिटर हैं , जिसमें हम कोई भी इमेज से सम्बंधित कार्य कर सकते हैं पेंट ब्रश की मदद से हम कोई भी फ्री हैंड ड्राइंग बना सकते है या पहले से बनी ड्राइंग में कोई भी चेंज करना हो तो हम इस टूल की मदद से आसानी से कर सकते हैं ।




## 1. File Menu

New – इस कंमाड का प्रयोग नयी फाइल बनाने के लिए किया जाता है ।

Open - इस कंमाड का प्रयोग पहले से बनी हुई फाइल को ओपन(खोलने) के लिए किया जाता है ।

Save - इस कंमाड का प्रयोग फाइल को सेव (सुरक्षित) करने के लये किया जाता है । M.S. Paint की फाइल का डिफ़ॉल्ट एक्सटेंशन .BMP होता हैं।

Save As - यदि हम पहले से बनी हुई फाइल की एक और कॉपी बनाना चाहते है तब हमें इस ऑप्शन का उपयोग करना चाहिए।

Print - इस ऑप्शन का उपयोग हम फाइल को प्रिंट करने के लिए करते हैं ।

Quick Print - बिना किसी अतिरिक्त ऑप्शन के यह हमे डायरेक्ट प्रिंट का ऑप्शन दे देता है ।

Print Preview - यदि हम फाइल का प्रिंट निकालने से पहले प्रिंट का व्यू देखना चाहते हैं तो हम इस ऑप्शन का उपयोग करते हैं।

Page Setup - इस ऑप्शन का प्रयोग करके हम पेपर की साइज, मार्जिन और ओरिएंटेशन को सेट कर सकते हैं।

Send email - यदि आपकी कम्प्यूटर पर आउटलुक सेट हैं तो आप यहाँ से डायरेक्ट डॉक्यूमेंट को मेल कर सकते हैं।

Property - इस ऑप्शन के अंतर्गत डॉक्यूमेंट की विड्थ और हाइट आदि ऑप्शन होते हैं।

**About** - इस ऑप्शन में पेंट ब्रश के Version के बारे में जानकारी होती हैं।

**Exit** - M.S. Paint को बन्द (Close) करने के लिए Exit का उपयोग करते हैं। (Alt + F4) से भी आप Close कर सकते हैं।

## 2. Paint Home Menu

### (a) Clipboard Option

**Cut** - इस ऑप्शन का प्रयोग हम सिलेक्टेड टेक्स्ट को करंट पोजीशन से हटाने और क्लिपबोर्ड की मेमोरी में कॉपी करने लिए करते है ।

**Copy** - इस ऑप्शन का प्रयोग हम सिलेक्टेड टेक्स्ट को क्लिपबोर्ड की मेमोरी में कॉपी करने लिए करते है ।

**Paste** - इस ऑप्शन का प्रयोग क्लिपबोर्ड की मेमोरी से कर्सर वाली जगह पर पेस्ट करने के लिए करते है ।

### (b) Image Option

**Select** - इस ऑप्शन का प्रयोग करके हम किसी भी एरिया को सेलेक्ट कर सकते हैं और उस पर Delete , Move आदि ऑपरेशन कर सकते हैं।

**Crop** – यह सिलेक्टेड एरिया को ही पूरी स्क्रीन पर सेट कर देता हैं और शेष एरिया को रिमूव कर देता हैं।

**Resize** - सिलेक्टेड एरिया या पूरी स्क्रीन के साइज को एक अनुपात में बढ़ाने के लिए इस ऑप्शन का उपयोग किया जाता हैं।

- Resize - हाइट और विड्थ को resize करने के लिए।
- Skew - डिग्री अनुसार तिरछा करने के लिए।

**Rotate** - सिलेक्टेड एरिया / पूरी स्क्रीन को घुमाने के लिए इस ऑप्शन का उपयोग किया जाता हैं।

- Rotate Right 90 Degree
- Rotate Left 90 Degree

### (c) Tool Option

**Pencil** - इस ऑप्शन का प्रयोग करके हम कुछ भी लिख सकते हैं ।

**Fill With Color** - इस ऑप्शन का प्रयोग करके हम किसी भी ऑब्जेक्ट में कलर भरने का कार्य कर सकते हैं।

**Text** - इस ऑप्शन का प्रयोग करके हम टेक्स्ट को कीबोर्ड से लिख सकते हैं।

**Eraser** - इस ऑप्शन का प्रयोग करके हम टेक्स्ट को या किसी भी ऑब्जेक्ट को मिटाने के लिए कर सकते हैं।

- Increase the size of eraser : Ctrl के साथ (+) बटन का use करने पर इरेज़र का साइज बड़ा होता हैं
- Decrease the size of eraser: Ctrl के साथ (-) बटन का use करने पर इरेजर का साइज छोटा होता हैं।

**Color Picker** – इस ऑप्शन से हम अपनी पसंद के अनुसार मौजूदा drawing में से कोई भी कलर select कर सकते है और ड्राइंग एरिया में कही भी उपयोग में ला सकते हैं।

**Magnifier** - ड्राइंग एरिया को Zoom करने के लिए हम Magnifier का उपयोग करते हैं।

**Brushes** - इस ऑप्शन के अंतर्गत अलग अलग तरह के ब्रश होते हैं जिनको हम सिलेक्ट करके उनका उपयोग कर सकते हैं।

**Brushes के प्रकार :**

- Simple Brush
- Calligraphy Brush 1
- Calligraphy Brush 2
- Air Brush
- Oil Brush
- Crayon
- Marker
- Natural Pencil
- Watercolor Brush

### (d) Shapes Option

**Shape** - इस ऑप्शन के अंतर्गत बहुत सी predefine शेप होती है जैसे कि Rectangle, Circle आदि इनको सिलेक्ट करके हम ड्राइंग एरिया में ड्राइंग बना सकते हैं।

**Shape Outline** - शेप कि आउटलाइन कैसी रखनी हैं यहा से हम तरह - तरह के ऑप्शन को select कर सकते हैं।

**Shape Fill** - शेप की इनर बॉडी में किस तरह से स्टाइल को Fill करना हैं इस ऑप्शन में तरह - तरह क़े स्टाइल available हैं।

### (e) Size Option

- इस ऑप्शिन का प्रयोग करके हम पेन्सिल / लाइन की मोटाई – Thickness को कम या ज्यादा करने के लिये करते है Ctrl++ / Ctrl -- से भी Thickness को कम ज्यादा किया जा सकता हैं।

### (f) Colors Option

**Color 1 (Foreground Color)** – किसी भी ऑब्जेक्ट में color भरने के लिये हम इस ऑप्शन का use करते हैं हैं।

**Color 2 (Background Color)** - किसी भी स्क्रीन के बैक कलर को भरने के लिये हम इस ऑप्शन का use करते हैं हैं।

**Edit Colors** - इस ऑप्शन का प्रयोग करके हम कलर टेबल से (Red, Green, Blue) कलर को मिक्स करके अपने अनुसार कोई भी नया कलर बना सकते हैं।

## 3. Paint View Menu

### (a) Paint Zoom Option

इस ऑप्शन का प्रयोग करके हम Minimum 12.50% और Maximum 800 % तक Zoom ज़ूम कर सकते हैं

- **Zoom in** - स्क्रीन का ज़ूम पर्सेंटेज को बढ़ाने के लिए हम इस ऑप्शन का प्रयोग करते हैं।
- **Zoom Out** - स्क्रीन का ज़ूम पर्सेंटेज को कम करने के लिए हम इस ऑप्शन का प्रयोग करते हैं।
- **100 %** - स्क्रीन का ज़ूम पर्सेंटेज को 100% तक सेट करने के लिए हम इस ऑप्शन का प्रयोग करते हैं।

## (b) Paint Show or Hide Option

- **Ruler (Ctrl + R )** - पेज के हैडर पर रूलर को शो करने के लिये इस ऑप्शन का प्रयोग किया जाता है।
- **Guideline (Ctrl + G )** - स्क्रीन में ग्राफ पेज जैसी लाइन्स को लाने के लिये हम इस ऑप्शन का प्रयोग करते हैं।
- **Status Bar** - पेज के बॉटम में स्टेटस बार को शो या हाईड के लिये हम इस ऑप्शन का प्रयोग करते हैं।

## (c) Display Option

- **Full Screen** - बनाई गयी ड्राइंग को पूरी स्क्रीन पर देखने के लिए इस ऑप्शन का प्रयोग करते हैं। ।
- **Thumbnail** - इस ऑप्शन का प्रयोग बनाई गयी ड्राइंग का एक छोटे से व्यू में देखने के लिए किया जाता है ।